# यूपी में 12 नए एक्सप्रेस-वे बनेंगे

## आर्थिक सर्वे

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** कनेक्टिविटी बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार एक्सप्रेस-वे और एयरपोर्ट पर ध्यान केंद्रित कर रही है। भविष्य में 12 नए एक्सप्रेस-वे का निर्माण होगा। प्रदेश में वर्तमान में 7 एक्सप्रेस-वे संचालित हैं, 3 निर्माणाधीन हैं। 12 नए एक्सप्रेस-वे बनने के बाद एक्सप्रेस-वे की संख्या 22 हो जाएगी। प्रदेश में 16 हवाई अड्डे संचालित हैं। इसमें 12 घरेलू और चार अंतरराष्ट्रीय हैं। 8 एयरपोर्ट का निर्माणाधीन हैं। जेवर में निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा शुरू होते ही यूपी 5 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे वाला पहला राज्य बन जाएगा। बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के तहत 56,662 एकड़ भूमि अर्जित की जाएगी।




### प्रदेश की अर्थव्यवस्था पिछले आठ वर्षों में इस तरह बढ़ती गई

- ₹13.30 लाख करोड़ (2016-17)
- ₹30.25 लाख करोड़ (224-25)
- 36 लाख करोड़ की ओर अग्रसर (2025-27)

### अर्थव्यवस्था में इस क्षेत्र का इतना योगदान

(वित्तीय वर्ष 2024-25)

- 25.8% कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र
- 27.2% औद्योगिक क्षेत्र
- 47% सेवा क्षेत्र

### विकास के पथ पर ऐसे बढ़ा उत्तर प्रदेश (राशि करोड़ में)

| मद | 2016-17 | 2024-25 |
|---|---|---|
| प्रति व्यक्ति आय | ₹ 61,142 रुपये | ₹ 1,26,304 रुपये |
| बजट का आकार | ₹ 3.47 लाख करोड़ | ₹ 8.33 लाख करोड़ |
| पूंजीगत व्यय | ₹ 69.79 हजार करोड़ | ₹ 147.72 हजार करोड़ |
| सार्वजनिक ऋण से जीडीपी | 29.3 प्रतिशत | 28.0 प्रतिशत |
| कर राजस्व | ₹ 86,000 करोड़ | ₹ 2.09 लाख करोड़ |
| कारखानों की संख्या | 14,169 | 30,695 |
| निर्यात | ₹ 84,000 करोड़ | ₹ 1.86 लाख करोड़ |

## वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज में चलेंगी मेट्रो

वित मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश मे मेट्रो रेल परियोजनाएं तेजी से विस्तार कर रही हैं। वर्तमान मे नोएडा, लखनऊ, कानपुर और आगरा मे मेट्रो सेवाएं संचालित हो रही हैं, जबकि वाराणसी, गोरखपुर, मेरठ और प्रयागराज मे नई परियोजनाएं प्रस्तावित है। रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) परियोजना उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय विकास की दिशा मे एक ऐतिहासिक पहल है। इसके तहत न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक 'नमो भारत ट्रेन' का संचालन प्रारम्भ हो चुका है।

## केंद्र व राज्य की विभिन्न योजनाओं में यूपी अव्वल

- खाद्यान्न (737.4 लाख टन), गन्ना (2453.5 लाख टन), केला (71.4 लाख टन), आलू (245.9 लाख टन), आम (61.5 लाख टन), अमरुद (11.3 लाख टन), आंवला (4.5 लाख टन) व मैंथा (0.36 लाख टन) उत्पादन में
- दुग्ध उत्पादन (388.15 लाख टन)
- पौधरोपण अभियान मे 37.21 करोड़ पौधे लगाने का विश्व रिकॉर्ड
- प्रधानमंत्री जनधन योजना मे 10.22 करोड़ खाते
- स्टैंड-अप इंडिया योजना मे 21,891 उद्यमियों को 3.79 हजार करोड़ रुपये का ऋण

## पर्यटन एवं संस्कृत विभाग में तरक्की

- यूपी वर्ष 2025-26 मे 156.18 करोड़ पर्यटकों के आगमन से प्रथम स्थान पर
- पर्यटन नीति-2022 के तहत प्रदेश मे 12 पर्यटन सर्किट बनाए जा रहे हैं
- 1546 प्रस्तावों के लिए 34,439 करोड़ रूपए के निवेश के लक्ष्य की प्राप्ति हुई
- इको टूरिज्म व होम-स्टे के लिए वर्ष 2025 मे 49 परियोजनाएं की शुरुआत
- पर्यटन थीम पर आधारित विकास नीतियों का संचालन किया जा रहा है

MAGZTER Clipped from Hindustan Times Lucknow - February 10, 2026 Read it digitally on Magzter